# गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद

# Guru Jambheshwar University, Moradabad

*(A State University of Government of Uttar Pradesh)*

**Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com**


पत्रांक : गु0ज0वि0मु0 / मुद्रण / 2025 / 69

दिनांक : 08.01.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्व महाविद्यालय,
गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद।

विषयः विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु प्रयोगात्मक उत्तर पुस्तिकायें प्राप्त कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

विदित है कि विश्वविद्यालय की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षायें दिनांक 16.01.2026 से प्रारम्भ हो रही है। इस हेतु आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु उत्तर पुस्तिकायें हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद से उपलब्ध करायी जानी है। निर्धारित परीक्षा केन्द्रों हेतु उत्तर पुस्तिका वितरण की जिलेबार तिथियॉ निम्नानुसार हैं–

| क्र.सं. | जिले का नाम | उत्तर पुस्तिका वितरण हेतु निर्धारित दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | बिजनौर | 10.01.2026 |
| 2 | अमरोहा एवं सम्भल | 12.01.2026 |
| 3 | रामपुर एवं मुरादाबाद | 13.01.2026 |

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं की संख्या की गणना करते हुए आवश्यकतानुसार हस्ताक्षर प्रमाणित कर प्रयोगात्मक युक्त उत्तर पुस्तिकायें प्राप्त करने हेतु महाविद्यालय के 02 कर्मचारी / शिक्षक को अधिकृत करते हुए अपने हस्ताक्षरित पत्र के साथ प्रयोगात्मक उत्तर पुस्तिकायें प्राप्त करने हेतु भेजने का कष्ट करें।

भवदीय

08/1/26

(अमृत लाल)
परीक्षा नियंत्रक

नोट– उत्तर पुस्तिकायें प्राप्त करने वाला अधिकृत कर्मचारी अपनी पहचान हेतु आधार कार्ड अथवा प्राचार्य द्वारा प्रमाणित अन्य पहचान पत्र की प्रति साथ में अवश्य लाये।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्राचार्य, हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद।
2. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. कुलसचिव।
4. वित्त अधिकारी।
5. सहा0 कुलसचिव।
6. डा0 जुगल किशोर पाठक, हिन्दू कॉलेज, मुरादाबाद को उत्तर पुस्तिकायें उपलब्ध कराये जाने हेतु।
7. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक